### आजाक थाने में मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार हिंदू संगठनों ने बुलडोजर कार्रवाई की रखी मांग

# रेत चोर सगीर का कारनामाः आदिवासी नाबालिग का किया यौन उत्पीड़न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव (संजय जैन)

कन्हान कोयलांचल का शातिर और कुख्यात रेतचोर व भू माफिया सगीर खां मुसलमान की एक और कारगुजारी ने इस क्षेत्र को शर्मसार कर दिया है। इस क्षेत्र का जिला बदर अपराधी के रूप में पहचान बनाए रखने वाले सगीर खा ने शहर के वार्ड क्रमांक 13 की 15 वर्षीय आदिवासी बालिका का यौन उत्पीड़न कर उसे जान से मारने करने की धमकी दी थी।



इस मामले में पीड़िता के द्वारा गत दिवस जिला मुख्यालय के आजाक थाने में पहुंचकर प्रथम सूचना दर्ज करा दी गई है। इसके पश्चात पुलिस ने आरोपी सगीर खा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसी मामले में एक और ट्वीस्ट देखा गया है कि जब इसी आदिवासी पीडित बालिका की छोटी बहन ने भी सगीर खान के छोटे पुत्र उजैर मुसलमान के खिलाफ अपनी बहन के साथ आजाक थाने पहुंचकर उसके खिलाफ बलात्कार किए जाने की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। दरअसल यह दोनों ही बहने अलग-अलग समय में अपनी निर्धनता के कारण आरोपी सगीर खा के घर झाड़ू पोछा और सफाई का काम करती थी।

इस मामले में दर्ज दो अलग-अलग प्रथम सूचना रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद यह खुलासा हुआ है कि यह आदिवासी नाबालिक पीड़िता की बड़ी बहन जब आरोपी सगीर खा मुसलमान के घर काम करती थी उसी दरमियान एक दिन सगीर खान ने उसे अपनी हवस का शिकार बना लिया था जिससे घबराकर वह दूसरे दिन से उसके घर कम पर जाना बंद कर दिया था। इसके कुछ ही दिन के बाद बड़ी बहन के स्थान पर छोटी बहन उसके घर पर कार्य करने जाने लगी थी।

इसी दरमियान आरोपी का छोटा पुत्र उजैर खान के द्वारा उसे अपनी हवस का शिकार बना लिया गया। जब दोनों ही बहनों की आपसी बातचीत हुई तब जाकर पुलिस में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करने की मंशा बनाई गई लेकिन आरोपियों के द्वारा लगातार इन दोनों ही बहनों को जान से मारने की धमकी पिता पुत्र के द्वारा दी गई थी। इसके पश्चात इन दोनों ही नाबालिग बहनों को क्षेत्र की जागरूक महिलाओं के द्वारा दिए गए हौसले के उपरांत ही अंततः दोनों पीड़ित बहने अजाक थाने में पहुंचकर इस संवेदनशील मामले को दर्ज कर दिया गया जहां पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सगीर खान एवं उसके पुत्र उजैर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### आरोपी परिवार का गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड, जिला बदर की भी हो चुकी कार्रवाई

इस बेहद संवेदनशील मामले में आरोपी सगीर खान और उसका परिवार का इस कान्हन कोयलाअंचल में बेहद गंभीर आपराधिक रिकार्ड रहा है। सगीर खान इससे पहले कई मामलों में संलिप्त रहने के चलते जिला बदर की कार्रवाई का भी शिकार हो चुका है। इसके अतिरिक्त इस पर पहले से ही एक बलात्कार का प्रकरण वर्तमान में न्यायालय में चल रहा है जिसमें पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ की एक महिला की शिकायत पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा इसके खिलाफ रेत चोरी, धमकाने व मारपीट किए जाने के कई मामले थानों में दर्ज है। अपने बाप के नक्शे कदम पर चल रहे इसके दोनों पुत्र के खिलाफ भी कई मामले अभी दर्ज हो चुके हैं, जिनमें से बीते माह ही इसके छोटे पुत्र उजैर के खिलाफ एक मारपीट का मामला दर्ज किया जाने के बावजूद यह विदेश भाग चुका था, लेकिन पुलिस ने इसे बीते दिन ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### महिला तहसीलदार को कुचलने की असफल कोशिश पर हुई थी बुलडोजर करवाई

इस कोयलाचल में सफेदपोश नेताओं सहित पुलिस के कुछ लोगों की संरक्षण में यह अपने आप को दबंग बताने की कोशिश करने वाला आरोपी सगीर खान के विरुद्ध लोगों में खासा आक्रोश है। कुख्यात आरोपी सगीर खान के नक्शे कदम पर उसके दोनों ही पुत्र अपराध की दुनिया में कदम रख चुके हैं। उनके खिलाफ भी इस क्षेत्र के पुलिस थानों में लगातार मामले दर्ज हो रहे हैं इसको लेकर आम लोगों सहित इसके अपने ही मुस्लिम समाज में भी यह घृणा का पात्र बन चुका है।

### आरोपियों के विरुद्ध हिंदू संगठनों का आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

नगर की इन दो आदिवासी नाबालिक बहनों के साथ किए गए इस दुष्कर्म की घटना के प्रकाश में आने के बाद क्षेत्र के हिंदू संगठनों में गहरा आक्रोश छा चुका था । इस घटना से व्यथित होकर हिंदू संगठनों के द्वारा बड़ी संख्या में थाने में पहुंचकर आरोपी सगीर खान और उसके परिवार के विरुद्ध बुलडोजर की कार्रवाई किए जाने की मांग रखी गई है। ऐसा ही ज्ञापन जिला बजरंग दल के द्वारा भी जिला कलेक्टर के कार्यालय में पहुंचकर सोपा गया है।

**इनका कहना है**

आरोपी के विरुद्ध बुलडोजर कार्रवाई का होना शासन के निर्देशानुसार तय होता है। शासन के पास उसके मकान के अतिक्रमण में होने संबंधी कोई शिकायत वर्तमान में मौजूद नहीं है जिसके आधार पर यह कार्रवाई की जा सकती है।

**हरेंद्र नारायण सिह, जिला कलेक्टर, छिंदवाड़ा**

आरोपी के खिलाफ विविध संगठनों के द्वारा ज्ञापन सोपा गया है इसकी संपत्तियों पर बुलियों की कार्रवाई स्थानी प्रशासन एवं जिला प्रशासन के द्वारा ही प्रस्तावित की जा सकती है यह पुलिस का मामला नहीं है।

**अजय पांडे, जिला पुलिस अधीक्षक, छिंदवाड़ा**

आरोपी के खिलाफ शिकायत होने के उपरांत उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आम जनता सहित विविध संगठनों की बुलडोजर चलाने की मांग पर उच्च अधिकारियों के संज्ञान में यह मामला लाया गया है। निर्देश के अनुसार कार्रवाई करेंगे।

**सुनील बरकड़े, अनुभागीय अधिकारी (पुलिस) जुन्नारदेव**

## आज से विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क प्रतियोगी कक्षाएं शुरू

**छिंदवाड़ा।** विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। महापौर महापौर विक्रम सिंह अहके के सहयोग से छात्रों के लिए एक माह का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्पोकन इंग्लिश, करियर गाइडेंस तथा एमपीपीएससी, यूपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कक्षाएं प्रदान की जाएंगी। कार्यक्रम की कक्षाएं 10 अप्रैल से प्रारंभ होंगी, जिसका आयोजन एमएलबी स्कूल, छिंदवाड़ा में किया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन चाणक्य अकैडमी में जाकर कर सकते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन माध्यम से भी पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी हेल्पलाइन नंबर 6265662499 पर संपर्क कर सकते हैं। यह पहल महापौर के प्रयासों से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण है।

## अवैध उत्खनन पर सख्त हो कार्रवाईः कलेक्टर

**कलेक्टर ने ने ली राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन जैसे प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

बैठक में अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, जिला मुख्यालय के संयुक्त कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टर सहित जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खनिज अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

अवैध खनन के मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने खनिज एवं राजस्व अमले को संयुक्त रूप से लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए नियमित निगरानी एवं सख्ती आवश्यक है।

**भू-अर्जन प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा-** भू-अर्जन से संबंधित प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि ऐसे बांधों में डूब क्षेत्र के वे मकान, जिनके अवॉर्ड पारित हो चुके हैं लेकिन हितग्राहियों को राशि प्राप्त नहीं हुई है, उनकी सूची तैयार कर प्रस्तुत की जाए। साथ ही जिन प्रकरणों में अवॉर्ड पारित होना शेष है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए।

## बेरडी में 14 अप्रैल को होगा डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**सौंसर।** ग्राम पंचायत बेरडी में बुधवार को आयोजित विशेष ग्राम सभा में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। लंबे समय से प्रतीक्षित संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण का मार्ग अब प्रशस्त हो गया है। आगामी 14 अप्रैल को भव्य समारोह के बीच प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। ग्राम सभा में भारतीय बौद्ध महासभा और डॉ. अंबेडकर नवयुवक मंडल बेरडी द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर गंभीरता से चर्चा की गई। बैठक में सरपंच श्रीमती संगीता अरुण गावंडे, जनपद सदस्य गायत्री देवेंद्र गायकवाड और जनपद बीपीओ सुभाष ठाकरे की उपस्थिति में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को सौंसर एसडीएम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद), जनप्रतिनिधियों और समस्त ग्रामवासियों की मौजूदगी में प्रतिमा का अनावरण संपन्न होगा।

## आईपीएल में जोरों पर चल रहा लाखों का सट्टा

**पुलिस की अनदेखी से कर्ज में डूब गए कई परिवार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

कम समय में ज्यादा रुपए कमाने के चक्कर युवाओं का रूझान सट्टेबाजी की ओर बढ़ रहा है। वर्तमान में चल रहे आईपीएल क्रिकेट में युवा रोज लाखों रूपए के सट्टा खेल हारजीत का दांव लगा रहे हैं। बीस-बीस ओवर के प्रचलन में आने के बाद जहां क्रिकेट में ग्लैमर का प्रवेश हुआ वहीं आईपीएल के शुरू होने से सट्टेबाजों की चांदी हो गई है। हर रन, हर बाल व हर विकेट पर लोगों को सट्टेबाजी का जुनून सवार है।

शहर तो शहर, गांव-गांव गली-गली सट्टेबाजों की धमक सुनाई दे रही। हर वर्ष आईपीएल का सीजन शुरू होते ही सट्टेबाज सक्रिय हो अपना कारोबार आरंभ कर देते हैं। आईपीएल सट्टेबाजों का केन्द्र यू तो महानगर बताए जाते हैं। लेकिन बड़े शहरों से भी इसकी डीलिंग की खबर है। चौरई (कृषि अंचल )तो सट्टेबाजी के बड़े केन्द्र के रूप में स्थापित हो गया है।

मेन मार्केट में दर्जनों युवकों द्वारा




आईपीएल में सट्टा लगाने के कारण कर्ज में आ गए हैं बताया जाता है कि नगर के कई संभ्रात परिवारों के नवयुवक आइपीएल में सट्टा के लिए बोली लगाते हैं और लोगों को सट्टा खिलवाते हैं। भारी भरकम राशि उन्हें कभी तो मिल जाती है और कई बार हाथ से निकल जाती है। जिसके लालच में युवा अपना कैरियर तबाह कर ले रहे हैं। नगर में ऐसे कई परिवार हैं जिनके बच्चे आईपीएल के सट्टे में कर्ज में डूब गए हैं। आईपीएल में सट्टेबाजी की खबर पुलिस को भी है लेकिन उसके द्वारा अब तक इस और इसके रोकथाम के लिए न तो कभी प्रयास किया गया और नही अब तक कोई कार्रवाई की गई परिणाम स्वरूप सट्टेबाज बेखौफ हो अपना धंधा संचालित कर रहे हैं।

### सट्टे को अलग-अलग सेशन में है बांटा जाता

सट्टेबाज केवल आईपीएल तक सीमित नहीं हैं, सट्टे को अलग-अलग सेशन में बांटा जाता है। पहली पारी में चार (6, 10, 15 और 20 ओवर तक) और दूसरी पारी में एक सेशन (6 ओवर तक)। हर गेंद के साथ रेट बदलते रहते हैं, जिससे सट्टा और रोमांचक हो जाता है। यही नहीं इसमें स्थानीय थानों के कुछ पुलिस कर्मियों की मिलीभगत रहती है और उनको को भी हिस्सा मिलता है। शहर में जमकर सट्टेबाजी का खेल चल रहा है।

### ऑनलाइन व ऑफलाइन तरीके से लगता है सट्टा

सट्टा लगाने के दो प्रमुख तरीके सामने आए हैं। ऑनलाइन सट्टे में पहले भुगतान कर आईडी बनाई जाती है, जिसमें रकम दिखती है और उसी के जरिये खेला जाता है। वहीं ऑफलाइन में मोबाइल कॉल के जरिये कोड वर्ड के माध्यम से सट्टा लगाया जाता है। परिचित लोगों के बीच बातचीत रिकॉर्ड कर ली जाती है और अगले दिन दोपहर तक हिसाब-किताब निपटाया जाता है।

## निगम ने लगाया सिंगल यूज प्लास्टिक पर जुर्माना

**दुकानदारों पर की पांच हजार रूपए की चालानी कार्रवाई, दी गई सख्त हिदायत**



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार गुरुवार को नगर निगम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान डीडीसी कॉलेज गेट के सामने तथा पुराना नागपुर नाका क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान शासन द्वारा प्रतिबंधित अमानक सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन एवं डिस्पोजल का उपयोग करते पाए गए 5 दुकानदारों के विरुद्ध कुल 5,000 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही उनके पास से प्लास्टिक पॉलीथिन जब्त की गई।

नगर निगम की टीम द्वारा संबंधित दुकानदारों को भविष्य में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं डिस्पोजल का उपयोग न करने की सख्त समझाइश भी दी गई। यह कार्रवाई स्वच्छता निरीक्षक श्री अरुण कुमार गढेवाल के नेतृत्व में की गई, जिसमें वार्ड सुपरवाइजर निक्की सारवान भी उपस्थित थे। नगर निगम द्वारा इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहने की बात कही गई है, ताकि शहर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सके।

### सफाई मित्रों को दिया स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रशिक्षण

**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम में महापौर विक्रम अहके एवं आयुक्त सी.पी. राय के मार्गदर्शन में 09 अप्रैल को निगम सभाकक्ष में स्वच्छता स्वाभिमान अभियान अंतर्गत सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में **PIU** आदित्य वर्मा एवं **IEC** देव पाठक द्वारा सफाई कर्मचारियों को कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (**PPE**) के उपयोग तथा समग्र कल्याण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्वच्छता चैंपियन डॉ. मीरा पराड़कर एवं डॉ. महेश बन्देवार द्वारा सभी सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महापौर एवं आयुक्त ने सफाई मित्रों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आवश्यक बताया। नगर निगम द्वारा स्वच्छता एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## छिंदवाड़ा में घरेलू हिंसा से तंग आकर महिला ने दी जान

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, समय रहते सख्त कार्यवाही के अभाव में न्याय को तरसती रही महिला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसने न सिर्फ घरेलू हिंसा की गंभीरता को उजागर किया है, बल्कि पुलिस की कार्यप्रणाली और न्याय व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अमरवाड़ा तहसील के ग्राम धसनवाड़ा की रहने वाली सीमा मालवी (परिवर्तित नाम) ने लगातार हो रही प्रताड़ना और कथित प्रशासनिक लापरवाही से तंग आकर आखिरकार जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और पीड़िता के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीमा मालवी का विवाह 11 मई 2018 को अमरवाड़ा तहसील के ही ग्राम सिमरिया मुलतानी निवासी संतकुमार मालवी के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद से ही सीमा के साथ पति द्वारा मारपीट और



मानसिक प्रताड़ना का सिलसिला शुरू हो गया था। आरोप है कि छोटी-छोटी बातों पर पति संतकुमार अपना आपा खो देता था और सीमा के साथ बेरहमी से मारपीट करता था। परिजनों के अनुसार, 16 जनवरी 2026 को सीमा के साथ बेहद गंभीर मारपीट की गई, जिसमें उसे सिर में गंभीर चोटें आईं और शरीर से खून तक बहने लगा। इस घटना के बाद भी आरोपी पति द्वारा उसे जान से मारने और दूसरी शादी करने की धमकियां दी जाती रहीं।

पीड़िता ने कई बार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन हर बार समझाइश देकर मामले को शांत कर दिया गया और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

सीमा ने महिला थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर अपने पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, स्वयं और अपने दो बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की थी। उसने अपनी चोटों की मेडिकल रिपोर्ट भी प्रस्तुत की थी, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई।

लगातार प्रताड़ना और न्याय न मिलने से परेशान होकर सीमा ने कुछ दिन पहले जहर खा लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दो दिन तक जिंदगी और मौत के बीच जूझने के बाद उसने दम तोड़ दिया। इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

### पुलिस कार्यवाही से नाराज परिजन

सीमा के मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल वालों ने उसे मानसिक और शारीरिक रूप से इस कदर प्रताड़ित किया कि वह यह कदम उठाने पर मजबूर हो गई। उनका कहना है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि एक प्रकार से हत्या है, जिसके लिए ससुराल पक्ष जिम्मेदार है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि यदि पुलिस समय रहते सख्त कार्रवाई करती, तो आज सीमा जीवित होती। इस दुखद घटना के बाद दो मासूम बच्चे अपनी मां के साये से वंचित हो गए हैं। परिवार के सामने अब बच्चों के भविष्य को लेकर भी गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

### दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग

ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस पूरे प्रकरण ने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या पहले की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई की गई? क्या पीड़िता को पर्याप्त सुरक्षा दी गई? क्या घरेलू हिंसा जैसे संवेदनशील मामलों में केवल समझाइश देना पर्याप्त है? ये ऐसे सवाल हैं जिनके जवाब अब प्रशासन को देने होंगे।

### समय रहते लोगों को मिले न्याय

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। हालांकि, यह भी सच है कि एक महिला की जान जा चुकी है और अब न्याय की प्रक्रिया केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यह घटना एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करती है कि समाज और व्यवस्था दोनों को मिलकर घरेलू हिंसा के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की आवश्यकता है। समय रहते कार्रवाई और पीड़ितों को सुरक्षा मिलना बेहद जरूरी है, ताकि कोई और सीमा इस तरह अपनी जान देने को मजबूर न हो।

### जंगली जानवरों के डर से जूझने वाले ग्रामीणों को अब सुरक्षा का मिल रहा एहसास

## अंधेरे से उजाले की ओरः सौर रोशनी से बदली वनांचलों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव विकासखंड के घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों में बसे जिन गांवों ने पीढ़ियों तक अंधेरा ही देखा, वहां अब रोशनी ने दस्तक दे दी है। यह बदलाव केवल बिजली का नहीं, बल्कि उम्मीद, शिक्षा और सुरक्षित भविष्य का है। ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान की पहल ने उन बस्तियों में उजाला पहुंचाया है, जहां अब तक विकास की किरणें भी नहीं पहुंच पाई थीं।

संस्थान द्वारा 'अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ते हमारे कदम' संकल्प के तहत ग्राम पंचायत टेमरू और पील्हावाड़ी के कई दूरस्थ ग्रामों—



गुराल देव ढाना, ओरापाटी, हरदू, घुन्नोर, झादराम ढाना, कुडारमऊ और भुला ढाना—को चयनित कर सौर ऊर्जा से रोशन किया गया। इस पहल से 150 जनजातीय परिवारों के घरों में पहली बार स्थायी रोशनी पहुंची है।

हर परिवार को 75 वॉट का आधुनिक "लक्ष्मी होम लाइट सिस्टम" उपलब्ध कराया गया, जिसमें सोलर पैनल, मजबूत बैटरी और चार एलईडी लाइट्स शामिल हैं। खास बात यह रही कि इन सोलर सिस्टम को प्रशिक्षित स्थानीय सोलर इंजीनियर युवतियों ने स्थापित किया, जिससे तकनीकी सशक्तिकरण के साथ रोजगार के अवसर भी बने।

इस रोशनी का सबसे बड़ा असर बच्चों के जीवन में दिख रहा है। जो बच्चे पहले सूर्यास्त के बाद पढ़ाई नहीं कर पाते थे, वे अब सोलर लाइट में अपने सपनों को आकार दे रहे हैं। वहीं, रात के अंधेरे में जंगली जानवरों के डर से जूझने वाले ग्रामीणों को अब सुरक्षा का एहसास हो रहा है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भी इस पहल को जनहित में एक अनुकरणीय प्रयास बताया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री राहुल देव ठाकरे ने इसे ग्रामीणों के जीवन में नई उम्मीद जगाने वाला कदम बताया, जबकि जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि चौहान ने कहा कि इस तरह के प्रयास प्रशासन और समाज के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

संस्था के निदेशक विजय धवले ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य केवल रोशनी पहुंचाना नहीं, बल्कि इन गांवों को शिक्षा और विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। वर्षों से अंधेरे में जीवन बिताने वाले इन ग्रामीणों के लिए यह पहल किसी वरदान से कम नहीं है। अब इन वनांचलों में सिर्फ घर ही नहीं, बल्कि उम्मीदें भी रोशन हो रही हैं और यही असली विकास की पहचान है।


WE ARE HIRING

**Job Opening**
**CIRCULATION ASSISTANT MANAGER**

**Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post**
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

**Qualifications :**
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

**Responsibilities :**
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

**How to Apply**
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## कलेक्टर ने दिया पुराने भवनों में स्कूलों को पुनः शुरू करने का आश्वासन

# शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

नगर कांग्रेस कमेटी पांढुर्णा द्वारा आज नगर के प्रमुख तीनशेर चौक पर शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त विसंगतियों और बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्थानीय समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन के विरुद्ध आवाज बुलंद की और कलेक्टर महोदय को 5 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस कमेटी का जोर क्षेत्र के पुराने स्कूलों को बचाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने पर रहा। कलेक्टर नीरज वशिष्ठ को सौंपे गए ज्ञापन में पुराने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (पुराना भवन) और लाल बहादुर शास्त्री माध्यमिक शाला को पुनः सुचारू रूप से शुरू किया जाए ताकि स्थानीय गरीब विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके इस मुद्दे का विशेष उल्लेख था। इसके सिवाय ग्रामीण क्षेत्रों में सांदीपनि विद्यालय, नांदनवाड़ी, तिगांव, सिवनी, बड़चिचोली और बनगांव जैसे प्रमुख ग्रामीण केंद्रों में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु 'सांदीपनि विद्यालय' स्थापित करने की मांग की गई। ज्ञापन में जिला मुख्यालय पर आदिवासी क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं के लिए एक सर्वसुविधायुक्त छात्रावास का निर्माण हो, जिले में स्वतंत्र 'जवाहर नवोदय विद्यालय' और मेधावी छात्रों के लिए 'एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय' की स्थापना हेतु केंद्र को प्रस्ताव भेजने की मांग की गई।




### कलेक्टर महोदय का सकारात्मक आश्वासन

कांग्रेसजनों को कलेक्टर महोदय ने आश्वस्त किया कि, "पुराने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय और लाल बहादुर शास्त्री माध्यमिक शाला के रिक्त भवनों का उपयोग कर जल्द ही वहां कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्रों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।"

## एमएसपी पर गेहूं खरीदी को लेकर कांग्रेस का ज्ञापन

**पांढुर्णा।** जिला कांग्रेस कमेटी पांढुर्णा द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर रबी सीजन में गेहूं की खरीदी को लेकर व्यापक और सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2700 रुपये प्रति क्विंटल पर उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा बिचौलियों से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया गया।ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में रबी फसल की कटाई लगभग पूर्ण होने को है और किसान अपनी उपज मंडियों तक लाने के लिए तैयार हैं। ऐसे में खरीदी व्यवस्था सुचारू रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि किसानों की सुविधा के लिए खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि उन्हें लंबी दूरी तय न करनी पड़े। साथ ही सभी केंद्रों पर पर्याप्त बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और खरीदी गई फसल को बारिश या खराब मौसम से बचाने के लिए तिरपाल एवं सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि गेहूं की तुलाई के बाद किसानों को निर्धारित समय सीमा में सीधे उनके बैंक खातों में भुगतान किया जाए।

## सिंगोड़ी विद्युत विभाग में बड़ा बदलाव, नए जेई अरविंद पहाड़े ने संभाली सिंगोड़ी बिजली विभाग की जिम्मेदारी

**सिंगोड़ी** :- सिंगोड़ी विद्युत विभाग में प्रशासनिक बदलाव के तहत कनिष्ठ अभियंता कृतार्थ श्रीवास्तव का स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थान पर नवागत कनिष्ठ अभियंता अरविंद पहाड़े ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण के अवसर पर विद्युत विभाग परिसर में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बिजली विभाग के विभागीय कर्मचारी और स्थानीय नागरिक गण सहित अन्य कर्मचारी बंधु मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नए जेई अरविंद पहाड़े का स्वागत करते हुए क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को और बेहतर बनाने की उम्मीद जताई। वहीं, स्थानांतरित हुए कृतार्थ श्रीवास्तव के कार्यकाल को भी सराहा गया और उनके कार्यों की प्रशंसा की गई। अब सभी की नजरें नए जेई अरविंद पहाड़े पर हैं, जिनसे सिंगोड़ी क्षेत्र में बेहतर बिजली व्यवस्था की उम्मीद की जा रही है। क्या नए नेतृत्व में सिंगोड़ी की बिजली व्यवस्था में आएगा बड़ा सुधार? यह देखना दिलचस्प होगा। फिलहाल कृतार्थ श्रीवास्तव अब खमरा बिजली कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता के रूप में कार्य करेंगे। इस अवसर पर विद्युत विभाग के ए ई नीतेश प्रजापति , प्रदीप जैन ,सुरेश साहू, सुमेरचंद बघेल ,ऋतिक पासी सहित घोघरी केंद्र और सिंगोड़ी केंद्र के समस्त बिजली विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## माली समाज ज्योतिबा फुले जयंती पर निकालेगा वाहन रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

का आयोजन दिनांक 11 अप्रैल 2026, शनिवार सुबह 10 बजे से स्थान माली समाज महात्मा फुले भवन नोनिया वार्ड नं.40 में किया जा रहा है। अतः सामाजिक बंधु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

रैली का मार्ग गढ़कालिका मंदिर कालीपाठा, शांति कॉलोनी बगलामुखी माता मंदिर, बगलामुखी चौक, राजपाल चौक, पोला ग्राउण्ड, पुनः बगलामुखी माता चौक सुभाष कॉलोनी, पवार होटल ई.एल.सी.चौक, बस स्टेण्ड, सत्कार तिराहा, शुक्ला ग्राउंड, गुरैया रोड़, संचार कॉलोनी गुरैया सब्जी मंडी बजरंग नगर, चेतन आश्रम सातपूते टेंट हाऊस मालीपुरा मुल्लाजी पेट्रोल पम्प, आलू स्टोर, कामठी विहार होते हुए माली समाज महात्मा फुले भवन नोनिया वार्ड नं. 40 में समापन होगा। निवेदक भाऊराव चरपे, संयोजक, देवानंद निकाजू अध्यक्ष, प्रभाकर भुसानकर जिला महामंत्री ज्ञानेश्वर कनेरे कोषाध्यक्ष गणेश कारटे संगठन मंत्री, विजय घोरसे (गब्बर) कार्यवाहक अध्यक्ष हरिभाऊ बाडबुदे वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय दास उपाध्यक्ष, भैयालाल (मुन्ना) चरपे उपाध्यक्ष, विनोद कारटे उपाध्यक्ष, सत्येन्द्र सेमेकार उपाध्यक्ष महेन्द्र सातपुते सचिव तुलसीराम चोरकर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राधेश्याम घोरसे सोशल मीडिया प्रभारी, प्रभाकार आलोने राजकुमार आलोनकर कार्यक्रम प्रभारी राजेश भगत सहसचिव, दिलीप चरपे प्रचार मंत्री मनीष सातपुते प्रचार मंत्री, महिला कार्यकारिणी अनिता चरपे संरक्षक व प्रभारी मीराबाई वाड़बुदे संरक्षक व प्रभारी, सुमनबाई भुसानकर संरक्षक व प्रभारी, लक्की चोरकर अध्यक्ष शुभांगी घोरसे महामंत्री लक्ष्मी दास कार्यवाहक अध्यक्ष रजनी सातपुते सचिव वर्षा भूसानकर उपाध्यक्ष, रेखा आलोनकर उपाध्यक्ष, चंद्रकला घोरसे उपाध्यक्ष माधुरी सेमेकार उपाध्यक्ष शामिल है।

## 13 अप्रैल को होगा नर्मदा उपासक दादा गुरु का आगमन

**बिछुआ।** नगर के माता मां चौक स्थित गणेश मठ में श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान के द्वारा 13 अप्रैल को भव्य संत समागम का आयोजन किया जाएगा। गणेश मठ बिछुआ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ वैभव अलोणी ने बताया की 13 अप्रैल को शाम 7 बजे से संत समागम आयोजित होंगा। जिसमें नर्मदा उपासक निराहारी संत अवधूत सिद्ध महायोगी दादा गुरु महाराज का आगमन होंगा। संत समागम में संत दादा गुरु धर्म प्रेमियों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन देंगे। साथ ही कार्यक्रम में अन्य साधु संत भी शामिल होंगे। बता दें कि प्रकृति के उपासक संत श्री दादा गुरु पिछले 5 वर्षों से केवल मां नर्मदा के पवित्र जल का सेवन कर रहें हैं। साथ ही वें मां नर्मदा के संरक्षण के लिए अब तक 4 बार परिक्रमा कर चुके हैं। मंदिर समिति के द्वारा धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है। तो वहीं रात्रि में 9 बजे से श्री श्याम भजन संध्या में गायक ऋतिक नामदेव के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

# 'सुरक्षित मातृत्व अभियान' के तहत 110 महिलाओं की हुई जांच, 40 हाई रिस्क केस मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में गुरुवार 9 अप्रैल को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत एक विशेष जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाना रहा।

### वरिष्ठ डॉक्टरों की देखरेख में हुआ परीक्षण

शिविर का सफल संचालन केंद्र प्रभारी डॉ. सुरेश नागवंशी के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर के दौरान महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. प्राची साहू द्वारा क्षेत्र से आईं गर्भवती महिलाओं का विस्तृत चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। इस दौरान महिलाओं के बीपी, वजन, हीमोग्लोबिन और अन्य आवश्यक शारीरिक जांचें की गईं। शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं। शिविर में 110 गर्भवती महिलाओं के पंजीयन हुए जांच के दौरान 40 महिलाओं को 'हाई रिस्क प्रेग्नेंसी' श्रेणी में चिह्नित किया गया।



हाई रिस्क श्रेणी में पाई गई महिलाओं को डॉ. साहू द्वारा विशेष परामर्श दिया गया। उनके लिए अतिरिक्त उपचार प्रोटोकॉल तय किए गए हैं ताकि प्रसव के समय किसी भी प्रकार की जटिलता से बचा जा सके। शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में लेबर रूम इंचार्ज पूजा सोनी द्वारा पंजीयन से लेकर जांच तक की व्यवस्था संभाली गई। रेखा हथिया द्वारा महिलाओं के रक्त एवं अन्य जरूरी लैब टेस्ट किए गए। ज्योति धुर्वे ने जांच प्रक्रियाओं में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।शिविर में केवल उपचार ही नहीं, बल्कि शिक्षा पर भी ध्यान दिया गया।

उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान आयरन, कैल्शियम और प्रोटीन युक्त आहार का महत्व बताया। अस्पताल में प्रसव कराने के साथ जननी सुरक्षा योजना और अन्य मातृत्व लाभ योजनाओं की पात्रता एवं लाभ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।क्षेत्र में मातृ स्वास्थ्य की दिशा में यह शिविर एक बड़ा कदम साबित हुआ।

डॉ. सुरेश नागवंशी ने बताया कि समय पर 'हाई रिस्क' मामलों की पहचान होने से प्रसव के दौरान होने वाले खतरों को 80% तक कम किया जा सकता है। शिविर का समापन सफलतापूर्वक हुआ।

## स्वच्छता स्वाभिमान अभियान अंतर्गत सफाई मित्रों हेतु स्वास्थ्य सुरक्षा एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

# सफाई मित्र हमारे शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़- सरिता दांदरे अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** प्रदेश की नगरीय निकायों में 09 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक स्वच्छता स्वाभिमान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत 09 अप्रैल 2026 को नगरपालिका परिषद वारासिवनी में निकाय स्तर पर सफाई मित्रों का स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय डॉंक्टर से सेवाएँ प्राप्त करते हुए प्रशिक्षण दिया गया। वहीं 10 अप्रैल 2026 को राज्य स्तर से सफाई मित्रों को ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया गया।

नगर पालिका परिषद वारासिवनी में मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश ऊके के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं कार्यक्षमता वृद्धि के उद्देश्य से स्वास्थ्य सुरक्षा सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया, जिसमें चिकित्सकों द्वारा सामान्य जांच, बीपी, शुगर एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों द्वारा सफाई कार्य के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों, व्यक्तिगत स्वच्छता, सेफ्टी उपकरणों के उपयोग तथा कार्य के दौरान होने वाले जोखिमों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे ने कहा कि सफाई मित्र हमारे शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री उके ने भी सभी सफाई मित्रों से अपील की कि वे प्रशिक्षण में बताई गई सावधानियों का पालन करें एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।



शिविर में उपस्थित सभी सफाई मित्रों को सेफ्टी किट (दस्ताने) मास्क आदि का उपयोग फील्ड में स्वच्छता कार्य हेतु किये जाने जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई मित्रों को सुरक्षित, स्वस्थ एवं सशक्त बनाना है, जिससे वे स्वच्छता कार्य को और अधिक प्रभावी ढंग से संपादित कर सकें।

स्वास्थ्य सुरक्षा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्य प्रकाश ऊके के निर्देशन में संपन्न किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से श्रीमती अंशिका सिंह चौहान उपयंत्री सह नोडल अधिकारी स्वच्छ सर्वेक्षण, विशाल लोधे स्वास्थ शाखा, प्रभारी सिविल हॉस्पिटल वारासिवनी से आये मेडिकल स्टॉफ श्रीमती सविता लोधी, श्रीमती सुषमा गौतम एवं समस्त सफाई मित्र, अन्य नगरपालिका अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कूलों के पास खोली जा रही दुकान से आक्रोश, महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा पर मंडराया खतरा

# गुजरी में शराब दुकान पर भड़का जनाक्रोश, प्रशासन पर उठे गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर परिषद लांजी के वार्ड क्रमांक 4 स्थित गुजरी क्षेत्र में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर अब हालात विस्फोटक होते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने संवेदनशीलता को दरकिनार करते हुए शासकीय जमीन पर ऐसी जगह दुकान के लिए स्वीकृति दे दी है, जहां से मात्र 50 मीटर की दूरी पर शासकीय कन्या हाईस्कूल संचालित है। इतना ही नहीं, समीप ही सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय भी स्थित है और स्थिति यह है कि स्कूल की खिड़की से सीधे शराब दुकान का नजारा दिखाई देता है। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शराब दुकान के खुलने से बच्चो पर क्या प्रभाव पड़ेगा।




गुजरी क्षेत्र, जहां रोजाना सब्जी बाजार लगता है और बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों का आवागमन होता है, वहां शराब दुकान खोलने का निर्णय लोगों की समझ से परे है। नागरिकों का कहना है कि यह सिफ एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि समाज की बुनियादी मर्यादाओं के साथ खिलवाड़ है। जिस स्थान पर बच्चों का भविष्य गढ़ा जाता है, उसी के सामने नशे का अड्डा खोलना क्या किसी भी जिम्मेदार तंत्र को शोभा देता है?

स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ दिन पूर्व वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद श्रीमति प्रेमलता संजय खोब्रागड़े द्वारा इस फैसले के खिलाफ खुलकर विरोध किया गया था, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से रातों-रात उनका विरोध थम गया। अब क्षेत्र में यह चर्चा जोरों पर है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि विरोध की आवाज अचानक शांत हो गई?

इस घटनाक्रम ने प्रशासन की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

गुजरी क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों महिलाओं, छात्र-छात्राओं और बुजुर्गों की आवाजाही होती है। ऐसे में शराब दुकान के खुलने से असामाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ने की आशंका से लोग सहमे हुए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। जनता अब खुलकर कह रही है कि यह सिर्फ एक दुकान का मुद्दा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य और समाज की गरिमा का सवाल है। यदि समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाया, तो यह आक्रोश सड़कों से निकलकर बड़ा जनांदोलन बन सकता है।

## लालबर्रा के ग्राम बहेगांव में दर्दनाक हादसा

# जलाशय में डूबने से दो मासूम बच्चियों की मौत, गांव में छाया मातम

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहेगांव में 9 अप्रैल दिन गुरुवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई ,जहां खेलते-खेलते बगदेही जलाशय पहुंचीं तीन मासूम बच्चियों में से दो की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक और मातम का माहौल व्याप्त है।जानकारी के अनुसार, गांव की तीन छोटी बच्चियां घर से खेलने के लिए निकली थीं। खेलते-खेलते वे मोक्षधाम के समीप स्थित बगदेही जलाशय तक पहुंच गईं। इसी दौरान असावधानीवश दो बच्चियां गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। उनके साथ गई तीसरी बच्ची,जान्हवी यादव (उम्र 5 वर्ष) किसी तरह वहां से भागकर घर पहुंची और परिजनों को घटना की विस्तृत जानकारी दी।सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्राम सरपंच द्वारा पुलिस प्रशासन को सूचित किया गया, जिसके बाद पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से दोनों बच्चियों को जलाशय से बाहर निकाला गया,लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और दोनों मासूमों की मौत हो चुकी थी।पुलिस द्वारा मौके पर ही पंचनामा कार्यवाही पूरी की गई। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रितु धुर्वे द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिए गए।



# जनपद सदस्य ने तोड़ा शिलालेख : जनपद पंचायत में सामान्य सभा की बैठक में हुआ उपद्रव

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी में सामान्य सभा की बैठक के दौरान जमकर उपद्रव हुआ है। जनपद सदस्य श्रीमती राजेश्वरी शारदा डहरवाल ने जनपद पंचायत अध्यक्ष कविता देशमुख और अपने तमाम जनपद पंचायत सदस्य साथियों की मौजूदगी में विरोध प्रकट करते हुए जनपद पंचायत की नई इमारत के भूमि पूजन समारोह के शिलालेख को तोड़ दिया। दरअसल, गत माह 19 मार्च को पंचायत एवं ग्रामीण विकास कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटले और क्षेत्रीय विधायक ने जनपद पंचायत की नई इमारत के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया था। इस दौरान शिलालेख में जनपद सदस्य श्रीमती राजेश्वरी डहरवाल का नाम गायब था। इसी बात से वह काफी नाराज थी। उन्होंने कहा कि शिलालेख में नाम ना हो एक जनपद सदस्य की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह कृत्य जानबूझकर किया गया। वहीं आज जब वह जनपद में सामान्य सभा की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंची तो उन्होंने उस शिलालेख को तोड़ दिया जिसमें उनका नाम नहीं था। जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में शाम 05 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ गायत्री कुमार सारथी से जनपद पंचायत सदस्यों को सहयोग प्रदान करने के लिए कहा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने राज्य और केंद्र सरकार की पंचायत के लिए बनाई जा रही नीतियों का विरोध किया और कहा कि आज जिला, जनपद और ग्राम पंचायत कोई भी कार्य अपने विवेक से नहीं करवा पा रही है।



सामान्य सभा की बैठक में जनपद सदस्यों ने हर माह होने वाले समितियों की बैठक नहीं होने पर भी नाराजगी जाहिर की है। जनपद सदस्य नेकेन्द्र चौहान ने कहा कि समितियों की बैठक नहीं होने से विभागीय कार्यों की समीक्षा नहीं हो पा रही है और विभागों की नियमित जानकारी नहीं मिल रही है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। जनपद सदस्य नितेश पुष्पतोड़े ने मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह निकाह योजना की तिथि को लेकर भी सवाल पूछा। जनपद सदस्य ने कहा कि 23 मार्च 2026 को सामूहिक विवाह योजना का आयोजन होना बताया गया था। बड़ी संख्या में आवेदकों ने अपने फार्म जमा करवाएं थे परंतु आज दिनांक तक सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन नहीं हो पाया। सीईओ ने बताया कि शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। वहां से तिथि मिलने पर ही आयोजन होगा।

जनपद सदस्यों ने विकासखंड कटंगी मुख्यालय के शासकीय सांदीपनि विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिलने पर भी कड़ी नाराजगी जताई। शिक्षा समिति के सभापति ने शिक्षा विभाग के अधिकारी से प्रवेश नीति के संबंध में पूछा। बीईओ ने बताया कि प्राचार्य के अनुसार वह प्रवेश नीति के तहत ही विद्यार्थियों को प्रवेश दे रहे है।

## विश्व शांति के लिए 'णमोकार महामंत्र' का हुआ सामूहिक जाप

**कटंगी।** समूचे विश्व में अहिंसा और शांति का प्रचार-प्रसार करने के लिए 09 अप्रैल को विश्व नवकार महामंत्र दिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कटंगी नगर में श्री सुपार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर के पीछे उपाश्रय में णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया। जिसमें जैन समाज के सभी महिला-पुरूष, युवक-युवतियां और नौनिहालों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन यानी जीता के तत्वधान में सकल जैन श्री संघ के द्वारा यह आयोजन करवाया गया। अनुविभागीय अधिकारी के.सी.ठाकुर भी आयोजन में शामिल हुए। गुरुवार की सुबह 08 बजे से लेकर 09 बजे तक 1 घंटा यहां सामूहिक रूप से णमोकार महामंत्र का जाप किया गया। सामूहिक जाप की शुरुआत होने से पहले एसडीएम ने जैन समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि णमोकार महामंत्र किसी व्यक्ति विशेष को नहीं, बल्कि पंच परमेष्ठी (अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु) को नमन करता है।

# 11 नए रेल रूट की तैयारी, सिवनी जिले को मिल सकती है बड़ी सौगात

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश में रेलवे कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। प्रदेश में 11 नए रेल मार्गों की संभावनाओं पर काम शुरू हो गया है, जिनमें सिवनी जिले से जुड़े प्रस्तावों को भी प्राथमिकता मिलती दिखाई दे रही है। इससे आने वाले समय में सिवनी क्षेत्र को रेल नेटवर्क से बेहतर तरीके से जोडऩे की उम्मीद बढ़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेलवे बोर्ड द्वारा जिन प्रस्तावित मार्गों पर सर्वे की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, उनमें जबलपुर-डिंडोरी-पेंड्रा रोड एवं छिंदवाड़ा-नैनपुर-रीवा जैसे रूट शामिल हैं। खास बात यह है कि सिवनी जिले से जुड़ा सिवनी-कटंगी (करीब 92 किमी) रेल मार्ग भी प्रस्तावित योजनाओं में शामिल किया गया है, जिससे जिले की कनेक्टिविटी को नई दिशा मिल सकती है।

रेलवे द्वारा इन परियोजनाओं को पश्चिम मध्य रेल और दक्षिण पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत शामिल किया गया है। बताया जा रहा है कि रेलवे बोर्ड ने सर्वे कार्य के लिए बजट भी स्वीकृत कर दिया है और संबंधित जोनों को आगे की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए हैं।




### सिवनी के लिए क्यों खास है यह योजना?

सिवनी लंबे समय से सीमित रेल संपर्क के कारण विकास की दौड़ में पीछे रहा है। यदि सिवनी-कटंगी रेल लाइन का निर्माण होता है, तो जिले को जबलपुर, छिंदवाड़ा और अन्य बड़े शहरों से सीधा और बेहतर संपर्क मिलेगा। इससे व्यापार, पर्यटन और स्थानीय रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

### स्थानीय लोगों की उम्मीदें बढ़ीं

इस खबर के सामने आने के बाद सिवनी जिले के लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। लंबे समय से रेल सुविधा के विस्तार की मांग कर रहे नागरिकों को अब उम्मीद है कि यह योजना जल्द धरातल पर उतरेगी और सिवनी को उसका हक मिलेगा। अब देखना होगा कि रेलवे प्रशासन इन योजनाओं को कितनी तेजी से अमल में लाता है और सिवनी सहित पूरे क्षेत्र को इसका लाभ कब तक मिल पाता है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर श्रीमती पटले की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।
बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं, पंजीकृत किसानों की स्थिति, बारदानों की उपलब्धता, तौल व्यवस्था, परिवहन एवं भंडारण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केन्द्रों पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य पूर्णतः पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित हो। एफएक्यू मानक के गेहूं का ही उपार्जन किया जाए तथा उपार्जन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन के पश्चात किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने किया जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला मे मुख्य अतिथि के रूप मे सहभागिता किया। तथा फीता काट कर शुभारंभ किया।
आज जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग, सिवनी द्वारा शासकीय उर्दू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला में भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा फीता काट कर विधिवत शुभारंभ किया। इसके उपरांत विद्यालय परिवार व विभागीय अधिकारियों द्वारा आत्मीय अतिथि सत्कार किया गया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला का आयोजन की सार्थक पहल के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास का आधार है।

### णमोकार दिवस मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विश्व कलयाण की भावना से विश्व णमोकार महामंत्र दिवस मनाया, संपूर्ण भारत के अलावा 100 से अधिक देशों में आज महामंत्र दिवस मनाया गया। णमोकार महामंत्र अनादि अनीधन महामंत्र है जैन धर्म में णमोकार महामंत्र 84 लाख मंत्रों का राजा है इस मंत्र का जाप मुनि आर्यिका श्रावक श्राविका प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक दिन करते हैं 09 अप्रैल को विश्व णमोकार महामंत्र दिवस मनाया जाता है प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 9 अप्रैल 2026 को विश्व णमोकार महामंत्र दिवस लखनादौन जैन समाज में भी शांति और ध्यान पूर्वक मनाया गया, सुबह 08. 01 मिनट से 09.36 मिनट तक अखण्ड णमोकार महामंत्र जी का पाठ किया गया, सकल दिगंबर जैन समाज लखनादौन के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नगर गौरव बाल ब्रह्मचारिणी अर्चना दीदी बाल ब्रह्मचारी कविता दीदी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपूर्ण हुआ , संपूर्ण जैन समाज इस कार्यक्रम में शामिल हुई।

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी के घंसौर थाना क्षेत्र में ईश्वरपुर-छितापार मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।
घटना गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे की है। ईश्वरपुर-छितापार मार्ग पर आमने-सामने भिड़ंत घायलों की पहचान हिंगवानी निवासी दीपक यादव (45) और बटवानी निवासी मनोज सलाम (30) के रूप में हुई है।
जानकारी के अनुसार, एक बाइक सवार घंसौर की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा मेहता की तरफ से आ रहा था। ईश्वरपुर-छितापार मार्ग के बीच उनकी भिड़ंत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस को बुलाया। एम्बुलेंस ने घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक इलाज दिया।घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए, डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हादसे के कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। हालांकि, प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल का निरीक्षण भी किया है। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि सड़क हादसे में दो लोगों के घायल होने की सूचना मिली थी, जिसकी विस्तृत जांच की जा रही है।



# सरकारी बोर पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

विकासखंड सिवनी की ग्राम पंचायत कातालबोड़ी में सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। सरपंच संतराम सनोडिया ने आरोप लगाया है कि जनपद सदस्य के पति परमू सनोडिया द्वारा पीएचई विभाग के सरकारी बोर का निजी उपयोग किया जा रहा है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, लगभग दो वर्ष पूर्व पीएचई विभाग द्वारा गांव की शासकीय भूमि पर बोरिंग कर मोटर स्थापित की गई थी, ताकि ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा मिल सके। लेकिन आरोप है कि उक्त बोर का उपयोग अब निजी कृषि कार्य और घरेलू जरूरतों के लिए किया जा रहा है।
सरपंच का कहना है कि इस मामले की शिकायत पीएचई के एसडीओ राजकुमार गभने से की गई थी। विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में जमीन की नाप-जोख और पंचनामा की कार्रवाई भी की गई, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।
ग्राम पंचायत का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति प्रभावशाली होने के कारण प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हो पा रही है। साथ ही यह भी सामने आया है कि सरकारी बोर को निजी बिजली कनेक्शन से संचालित किया जा रहा है।
पीएचई के एसडीओ राजकुमार गभने ने बताया कि मामला हाल ही में उनके संज्ञान में आया है, जिसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।
वहीं ग्रामीण विद्युत वितरण केंद्र के सहायक यंत्री प्रमोद सराठे ने कहा कि उन्हें इस विषय में जानकारी नहीं है, लेकिन जांच करवाई जाएगी।
क्या प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करेगा, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा?



### प्रेम कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से चतुर्थ दिवस की कथा में शिव कथा, जड़ भरत प्रसंग एवं ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन

# जब-जब पृथ्वी पर अधर्म, अन्याय और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न अवतारों के माध्यम से प्रकट होकर धर्म की रक्षा करते हैं- प्रेम कृष्ण शास्त्री

राजश्री पैलेस हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा का रसपान कराने पधारे पंडित श्री प्रेम कृष्ण शास्त्री ने अपने मधुर वाणी से उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा प्रारंभ होते ही वातावरण हरि नाम के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु पूरे मनोयोग से कथा श्रवण में लीन हो गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

चतुर्थ दिवस की कथा में पंडित श्री प्रेम कृष्ण शास्त्री ने भगवान के विभिन्न दिव्य स्वरूपों का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म, अन्याय और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न अवतारों के माध्यम से प्रकट होकर धर्म की रक्षा करते हैं और दुष्टों का संहार करते हैं। उन्होंने शिव कथा का प्रसंग सुनाते हुए भगवान शिव की महिमा, उनकी करुणा और भक्तों के प्रति उनके असीम प्रेम का मार्मिक वर्णन किया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।



इसके साथ ही जड़ भरत प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजा भरत ने वैराग्य का मार्ग अपनाकर संसार के मोह-माया से दूर होकर आत्मज्ञान प्राप्त किया। यह प्रसंग मनुष्य को यह शिक्षा देता है कि जीवन में आसक्ति ही दुख का कारण है और सच्चा सुख केवल प्रभु भक्ति में ही निहित है। कथा के दौरान ध्रुव चरित्र का भी अत्यंत प्रेरणादायक वर्णन किया गया, जिसमें बालक ध्रुव की अटूट भक्ति, दृढ़ संकल्प और भगवान के प्रति अटूट विश्वास को उजागर किया गया। ध्रुव की तपस्या और भगवान विष्णु की कृपा से प्राप्त स्थान ने यह सिद्ध किया कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति से असंभव भी संभव हो जाता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और हर ओर भगवान के नाम का गुणगान गूंजता रहा। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।
आयोजकों द्वारा कथा के सफल संचालन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, वहीं श्रद्धालुओं से आगामी दिनों में भी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है। यह महोत्सव क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहा है।

# शहर में शराब दुकानों के आसपास अवैध अहातों पर देर रात तक चली कोतवाली पुलिस की रेड कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो श्रीमान् के नेतृत्व में समय- समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जाती रही हैं जो एएसपी दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन में दिनांक 07 अप्रैल 2026 को कोतवाली पुलिस द्वारा शराब भट्टी के आसपास अवैध अहातों पर कार्यवाही करते हुए 02 आरोपी को धर दबोचने में सफलता प्राप्त की है।
दिनांक 07/04/2026 की रात्रि में दौरान गस्त दल सागर भट्टी के पास 02 अलग अलग टपरे में लोगों को डिस्पोजल में शराब बेचकर अवैध धनार्जन करने की विश्वसनीय सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई है जो दो अलग अलग टपरों में संजू गोखे एवं प्रियांश चौरसिया 02 अलग व्यक्तियों को डिस्पोजल में शराब बेचकर अवैध धनार्जन करते पाये जाने पर समक्ष गवाहों के विधिवत जप्ती की जाकर आबकारी एक्ट के तहत 02 अलग अलग अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।
रेड किये गये स्थान छिन्दवाड़ा रोड में स्थित शराब भट्टी, दल सागर शराब भट्टी, न्यू लाइफ हॉस्पिटल के पास स्थित शराब भट्टी, चर्च सिवनी के समीप स्थित शराब भट्टी। पकडे गए आरोपी मे प्रियांश चौरसिया पिता राजा चौरसिया उम्र 25 वर्ष निवासी चौरसिया मोहल्ला गुरुनानक वार्ड सिवनी।
संजु गोखले पिता महेन्द गोखले उम्र 26 वर्ष निवासी महाराजबाग भैरोगंज जिला सिवनी कार्यवाही करने वाली टीमः थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, उनि दयाराम शरणागत सउनि प्रमोद मालवीय, प्र.आर. कृष्णकुमार वानखेडे एवं अन्य थाना स्टाफ की विशेष भूमिका रहीं।

### सर्व समाज के द्वारा बरघाट में मनाया गया नमोकर महामंत्र दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बरघाट - दिनांक 9 अप्रैल दिन गुरुवार को जैन धर्मशाला भवन बरघाट में नमोकर महामंत्र दिवस सर्व समाज की उपस्थिति में मनाया गया। जिसमें सर्व समाज के साथ साथ नगर के जनप्रतिनिधि गण भी सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम के शुरूआत की गई, तत्पश्चात जैन समाज के वरिष्ठ धन्यकुमार जैन जी के द्वारा नमोकर महा मंत्र की महिमा के बारे में समझाया गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से नमोकर महा मंत्र का पाठ किया गया। उपस्थिति वरिष्ठ जनों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस नमोकर महा मंत्र दिवस पर अपने अनुभव साझा किए। सकल जैन समाज बरघाट के सचिव सौरभ जैन द्वारा उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त किया ।

# लॉ स्टूडेंट्स ने सीखीं कोर्ट की बारीकियाँ और स्वच्छता की शपथ ली

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी के विद्यार्थियों के लिए जबलपुर का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण ज्ञान और जागरूकता का संगम रहा। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार चौरासे और सहायक प्राध्यापक अतिथि विद्वान डॉ. बद्रीलाल मालवीय, हिमांशु श्रीवास्तव, कु. जया मिश्रा, ऋतु डहेरिया के नेतृत्व में 22 छात्र-छात्राओं के दल ने जबलपुर हाईकोर्ट की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। उच्च शिक्षा विभाग के लीगल सेल के अधिकारी आदित्य गर्ग ने विद्यार्थियों को शासन द्वारा की जाने वाली कार्यप्रणाली के विषय में जानकारी प्रदान की। हाईकोर्ट भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कोर्ट रूम में प्रवेश कर लाइव सुनवाई देखी। उन्होंने न केवल कानूनी प्रक्रियाओं को समझा, बल्कि बार और बेंच के बीच की व्यावसायिक नैतिकता के गुर भी सीखे।



**पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प**

कानूनी ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों ने सामाजिक उत्तरदायित्व भी निभाया। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत नर्मदा के तिलवारा घाट पर नदी को स्वच्छ रखने की शपथ ली गई। शहर की पुरातात्विक धरोहरों का अवलोकन किया। यह भ्रमण छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। हाईकोर्ट भ्रमण के दौरान अखिलेश मरावी, अंकिता बधेल, आयुष दुबे, बुद्धिमान, हर्ष लाहौरी, कान्हाजी, करतार, लेखराम राजपूत, मोहसिन रजा, नेहा, नीरज कुमार डहेरिया, निखिल मालवी, निकिता मिश्रा, पारूल सनोडिया, राजदीप बैस, ऋचा मिश्रा, संदीप कुमार, सरस्वती बेन्दे, शालिनी दुबे, सोनल, सुमित बधेल, विक्रम सोनकर व अन्य छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

### दहेज सलाहकार बोर्ड का गठन हेतु आवेदन आमंत्रित

**सिवनी,** संचालनालय महिला एवं बाल विकास, भोपाल के निर्देशानुसार दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 8 ख (4) के तहत जिला स्तर पर दहेज सलाहकार बोर्ड का गठन किया जाना है।
निर्धारित प्रावधानों के अनुसार गठित होने वाले इस सलाहकार बोर्ड में कुल 05 सदस्य होंगे, जिनमें कम से कम 02 महिलाएं अनिवार्य रूप से शामिल होंगी। साथ ही बोर्ड में एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता, जो अधिवक्ता भी हो, को मनोनयन में प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से दिनांक 24 अप्रैल 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विस्तृत जानकारी हेतु अभ्यर्थी कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी में संपर्क कर सकते हैं अथवा मोबाइल नंबर 7697546099 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# कलेक्टर एवं विधायक श्री राय ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरुवार 9 अप्रैल को जिला चिकित्सालय सिवनी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ विधायक श्री दिनेश राय भी उपस्थित रहे। उन्होंने ऑपरेशन थियेटर (ओटी), नवजात पुनर्जीवन केंद्र (एनआरसी), प्रसूति वार्ड, शिशु वार्ड, डायलिसिस यूनिट सहित विभिन्न वार्डों का अवलोकन किया। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा संसाधनों की स्थिति का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, सभी वार्डों व बरामदों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में गंदगी फैलाने, पान-गुटखा खाकर थूकने वालों पर सख्ती बरतते हुए चिन्हित कर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सीवर लाइन और नालियों की नियमित सफाई तथा अपशिष्ट पदार्थों के वैज्ञानिक निष्पादन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज सिवनी के डीन डॉ. परवेज सिद्दीकी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह, सिविल सर्जन डॉ. विनोद नावकर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### सिवनी अंडर-19 लेदर बॉल टूर्नामेंटः डिंडोरी और नागपुर की शानदार जीत

# ग्रुप-डी में रोमांच का डबल डोज, सिवनी टूर्नामेंट में दिखा दमदार मुकाबला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बैनगंगा क्रिकेट एसोसिएशन सिवनी के तत्वाधान में आयोजित अंडर-19 लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में आज ग्रुप-डी की चार टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले। मैदान पर एक ओर सिवनी ग्रीन और डिंडोरी के बीच रोमांच चरम पर रहा, तो वहीं नागपुर और जबलपुर के बीच भी कांटे की टक्कर ने दर्शकों को बांधे रखा। दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और अंत तक मुकाबले का रुख बदलता नजर आया। डिंडोरी ने जहां संयमित खेल के दम पर जीत दर्ज की, वहीं नागपुर ने आक्रामक अंदाज में मुकाबला अपने नाम किया। दिन भर चले इन मुकाबलों ने टूर्नामेंट के रोमांच को और बढ़ा दिया, जहां हर टीम ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी और ग्रुप-डी की प्रतिस्पर्धा को बेहद दिलचस्प बना दिया।
डिंडोरी ने 5 विकेट से दर्ज की शानदार जीत टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में डिंडोरी ने सिवनी ग्रीन को 5 विकेट से हराकर जीत अपने नाम की। मैच में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिवनी ग्रीन ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए। टीम की ओर से अच्छी शुरुआत तो मिली, लेकिन अंत में बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफलता नहीं मिल सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डिंडोरी की टीम ने संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार संतुलन दिखाते हुए 16.4 ओवर में 142 रन बनाकर मैच जीत लिया।
पहले के मैच के हीरोः नंदकिशोर (डिंडोरी) — 58 रन (44 गेंद) एवं 1 विकेट (10 रन)ऑलराउंड प्रदर्शन से टीम की जीत में अहम भूमिका अन्य प्रमुख खिलाड़ियों प्रदर्शनः एकांश तिवहन — 56 रन (48 गेंद) देवदत्त माना ठाकुर — 37 रन (32 गेंद) जिगर परते (सिवनी ग्रीन) — 2 विकेट डिंडोरी की टीम ने बेहतर रणनीति और संतुलित प्रदर्शन के दम पर जीत हासिल की, जबकि सिवनी ग्रीन को गेंदबाजी में सुधार की जरूरत महसूस हुई।



नागपुर की 7 विकेट से दमदार जीत, आसिफ खान बने हीरो आज के दूसरे मुकाबले में नागपुर ने जबलपुर को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर की टीम 20 ओवर में 139 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में नागपुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 17 ओवर में 143 रन बनाकर लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।
जबलपुरः 139/10 (20 ओवर) नागपुरः 143/3 (17 ओवर) दूसरे मैच के हीरोः आरिज खान (नागपुर) 47 रन (31 गेंद, 4 चौके, 4 छक्के) 1 विकेट (4 ओवर में 26 रन) बेस्ट बैटरः आरिज खान बेस्ट बॉलरः अब सूफियान — 4/16 अन्य प्रमुख प्रदर्शनः अन्वेश चेलपिवार — 27 रन साकिब शेख — 24 रन अतुल परिहार — 4 विकेट (4/25) मैच का टर्निंग पॉइंटःजबलपुर की टीम के जल्दी ऑलआउट होने के बाद नागपुर ने आक्रामक बल्लेबाजी से मैच को एकतरफा बना दिया।
नागपुर की टीम ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में संतुलित प्रदर्शन किया, जबकि जबलपुर शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय मिश्रा ने बताया कि दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। डिंडोरी और नागपुर की टीमों ने बेहतर रणनीति, संयम और आक्रामक खेल के दम पर जीत हासिल कर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। कल 10 अप्रैल को टूर्नामेंट के 2 मैच होने है कल का पहला मैच सुबह 8 बजे सिवनी **vs** जबलपुर 12 बजे नागपुर **vs** डिंडोरी के मध्य होगा

# एसपी से शिकायत, श्री राम सेना के कार्यकर्ताओं ने की घर में घुसकर मारा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के कटंगी में एक युवक के साथ मारपीट का मामला गरमा गया है। बैंक खाता बंद करने को लेकर हुई इस घटना में आदिवासी गोवारी समाज ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। समाज ने श्रीराम सेना से जुड़े पदाधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

यह घटना कटंगी निवासी आयुष नेवारे के साथ हुई। पीड़ित आयुष ने बताया कि श्रीराम सेना से जुड़े सागर पंजवानी और उनके सात साथियों ने 29 मार्च की रात उनके घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

आयुष के अनुसार, वह पहले श्रीराम सेना से जुड़ा था। पदाधिकारी सागर पंजवानी ने अखाड़े के लिए आने वाली राशि के लेनदेन के लिए उनका एचडीएफसी बैंक में खाता खुलवाया था। आयुष को जब ईमेल के माध्यम से खाते में बड़ी मात्रा में राशि के लेनदेन की जानकारी मिली, तो उन्होंने पूछताछ के बाद खाता बंद कर दिया। इसी बात को लेकर उनसे मारपीट की गई।



मारपीट करने वालों में सागर पंजवानी के साथ विकास सूर्यवंशी, विशाल सूर्यवंशी, संतोष खटवानी, ओमप्रकाश नेवारे, योगेश राहंगडाले, गणेश बर्वे और कृष्णा हांडे शामिल थे। आयुष ने कटंगी थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने केवल चार लोगों के खिलाफ ही प्राथमिकी (FIR) दर्ज की है।

इस मामले को लेकर आदिवासी गोवारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश सहारे और जिलाध्यक्ष कन्हैया राउत सहित अन्य पदाधिकारियों ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। उन्होंने घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी आठ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी मांग की कि पुलिस श्रीराम सेना के नाम पर युवक आयुष के खाते में हुए लाखों रुपये के मनी ट्रांजेक्शन की जांच करे। उन्होंने पूछा कि धर्म के नाम पर यह पैसा आखिर कहां से आ रहा था।

# लालबर्रा क्षेत्र में राज्य मार्ग पर संचालित ढाबों में गैर कानूनी तरीके से परोसी जा रही शराब

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

राज्य मार्ग में लालबर्रा से लेकर कंजई तक स्थित ढाबो में देर रात तक खुलेआम बैठालकर शौकीनों को शराब परोसी जा रही है गैर कानूनी तरीके से ढाबा संचालक बेखौफ होकर देर रात तक ढाबे का संचालन कर रहे हैं और भोजन खिलाने के बहाने शराब भी परोस रहे हैं लेकिन हैरान करने वाली बात यह की इस बात की सूचना लालबर्रा पुलिस को नहीं है.लालबर्रा में पावर हाउस दुर्गा मंदिर के सामने स्थित ढाबे में कटंगटोला,सिहोरा नेवरगांव मे संचालित ढाबो मे खुलेआम दोपहर से लेकर देर रात तक शराब के शौकीनों को शराब परोसी जा रही है ढाबो मे बेखौफ चल रहे शराब परोसने के खेल में पुलिस की कार्य शैली पर सवाल उठने शुरू हो गए है जागरूक जनों का कहना है कि आबकारी और पुलिस विभाग क्या कर रहे है क्या. उन्हे नहीं पता कि कहां क्या हो रहा है पुलिस का काम है अपराधों को रोकना. और अपराधियों को पकड़ना। लालबर्रा पुलिस इस ओर ध्यान दें और गैर कानूनी काम करने वाले ढाबो के संचालकों पर आबकारी अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई करें देखना होगा कि आबकारी और पुलिस विभाग गैर कानूनी तरीके से शराब परोसने के मामले में ढाबो मे क्या ठोस कदम उठाता है. ताकि देर रात तक होने वाले हुड़दंग और शराबियों की महफिलों पर लगाम लग सके और कानून व्यवस्था बनी रहे।



## पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिले के शासकीय विद्यालयों में "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल धपेरा मोहगांव, पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल बकोड़ा, पीएम श्री शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बूढ़ी बालाघाट, शासकीय हाई स्कूल गजपुर एवं शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किन्ही सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जल संचयन और जल के महत्व पर आधारित आकर्षक व संदेशपरक पोस्टर तैयार किए।

# 208 कोबरा बटालियन ने 'शौर्य दिवस' पर सरदार पोस्ट के वीर नायकों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



09 अप्रैल 2026 को 208 कोबरा बटालियन द्वारा अत्यंत गर्व और सम्मान के साथ 'शौर्य दिवस' मनाया गया। यह दिवस वर्ष 1965 में गुजरात के कच्छ के रण में स्थित 'सरदार पोस्ट' पर दुश्मन की पूरी ब्रिगेड का डटकर मुकाबला करने वाले के.रि. पु.बल के जांबाज बहादुरों की स्मृति में आयोजित किया जाता है।

इस विशेष अवसर पर श्री प्रमोद चौधरी, द्वितीय कमान अधिकारी, 208 कोबरा ने अन्य अधिकारियों और कार्मिकों के साथ वीर शहीदों को शहीद स्मारक पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अगले चरण में एक सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री प्रमोद चौधरी, 208 कोबरा द्वारा की गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने जवानों को 1965 के उस ऐतिहासिक युद्ध की याद दिलाई, जहाँ मुट्ठी भर वीर जवानों ने अपने अदम्य साहस से दुश्मन की पूरी ब्रिगेड को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था।

1965 में आज ही के दिन हमारे वीरों ने इतिहास रचा था। उनका अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान न केवल के.रि.पु. बल बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का अटूट स्रोत है। 208 कोबरा आज सभी रैंकों के जवानों के साथ खड़े होकर इस अमर विरासत को नमन करती हैं। 'शौर्य दिवस' के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का समापन एक सामूहिक भोज के साथ हुआ ।

# कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 09 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागों से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने के निर्देश दिये गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम महिला एवं बाल विकास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान आंगनवाडी के बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए सेम (एसएएम) श्रेणी के बच्चों को चिन्हित करने एवं उनका उपचार कराने के निर्देश दिये गए। सेम श्रेणी के बच्चें चिन्हित करने के लिए सभी आंगनवाडी केंद्रो में बच्चों का वजन लेने का अभियान नियमित रूप से चलाया जाए। सेम श्रेणी के चिन्हित बच्चों को पोषण आहार प्रदाय करने के साथ ही उन्हें उपचार के लिए पोषण पुनर्वास केंद्रो में भर्ती कराया जाए। सेम श्रेणी एवं मेम (एमएएम) श्रेणी के बच्चों एवं कुपोषण से मुक्त हुए बच्चों की पोषण ट्रेकर एप्प के माध्यम से निगरानी रखी जाए और इसमें बच्चों के वजन से लेकर उपचार एवं कुपोषण के बाद की देखभाल तक एंट्री की जाए।



बैठक में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों का पंजीयन अनिवार्य रूप से करने एवं बच्चों कों स्कूल पूर्व शिक्षा दिलाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान परसवाडा सीडीपीओ का कार्य संतोषजनक न पाए जाने पर उनका 01 इन्क्रीमेंट रोकने के निर्देश दिए गए। बैठक में एमएमबास्क के अंतर्गत डिस्चार्ज बच्चों में से रिकवर्ड बच्चों की स्तिथि की विस्तार समीक्षा की गयी। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना नें महिला बाल विकास अधिकारी कों कहा की यदि कोई भी बच्चें का वजन 03 सप्ताह से समान आ रहा है तो वे इसे अवश्य चेक करें ताकि किसी भी प्रकार की गलत रिपोर्ट तैयार न होने पाए।

स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना नें सीएमएचओ कों निर्देशित किया कि माता के गर्भवती होते हीं उसकी एएनसी जाँच अनिवार्य रूप से कि जाए और उसकी रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज कि जाए। बैठक में कलेक्टर श्री मीना नें सभी बीएमओ कों सख्त निर्देश दिए कि वे सार्थक ऐप पर अपनी उपस्थिति दर्ज करें अन्यथा उन पर कार्यवाही कि जाएगी।

### सांसद, विधायक व भाजपा जिला अध्यक्ष रहेगे उपस्थित

# ढ़ाई वर्षों की प्रतीक्षा का आज होगा अंत

## यातायात प्रारंभ होने से नागरिकों को होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

**वारासिवनी - बालाघाट सडक़ मार्ग पर ग्राम वारा में रेल्वे क्रासिंग पर बने ओवर ब्रिज का आज 10 अप्रैल को औपचारिक रुप से लोकार्पण हो जायेगा। इसके साथ ही पिछले 3 वर्षो से यातायात की गंभीर समस्या से जूझ रही वारासिवनी-खैरलॉजी, कटंगी विधानसभा क्षेत्र की जनता को राहत को सॉस मिलेगी। इस ओवर ब्रिज के प्रारंभ होने के साथ ही गायत्री मंदिर से होकर वारा और शिवधाम मोहल्ले से होकर वारा निकलने वाले मार्ग पर यातायात का दबाव भी कम हो जायेगा।**

इस ओवर ब्रिज के शुक्रवार से प्रारंभ होने को लेकर पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल द्वारा एक प्रेस वार्ता भाजपा कार्यालय आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने बताया कि इस ओवरब्रिज के लिए वर्ष 2021 में बजट में राशि स्वीकृत की गई थी और वर्ष 2023 के विधानसभा के पूर्व निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया था। अब इस ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है और जनता व सीएम राईज विद्यालय वारा के विद्यार्थियों की परेशानियों को देखते हुए इसे 10 अप्रैल से यातायात के लिए प्रारंभ किया जा रहा है।



उन्होंने बताया कि इसका औपचारिक लोकार्पण 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे सांसद श्रीमती भारती पारधी, भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे की उपस्थिति में होगा। यह ओवर ब्रिज जिले का सबसे बड़ा ओवर ब्रिज है और इसके प्रारंभ हो जाने से वर्तमान के वैकल्पिक मार्गो पर यातायात का दबाव कम हो जायेगा और क्षेत्र के नागरिकों को आने जाने में सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि ओवर ब्रिज निर्माण के दौरान शिवधाम मोहल्ले से यातायात प्रारंभ था, जिससे वहॉ का सडक़ मार्ग बेहद खराब हो गया। इस ओवर ब्रिज निर्माण व अन्य व्यवस्थाओं के बाद शेष बचने वाली राशि से शिवधाम मोहल्ले की सडक़ का निर्माण भी करवाया जायेगा।

पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि ओवर ब्रिज के ऊपरी हिस्से में विद्युत की व्यवस्था की गई है, लेकिन नीचे के हिस्से में विद्युत व्यवस्था नहीं है, हमने ठेकेदार को पुल के निचले हिस्से में भी विद्युत व्यवस्था करने के निर्देश दिए है, जिससे ग्राम के लोगों को रात्रि में पुल के नीचे से जाने आने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो।

### लोकतांत्रिक पद लोकतंत्र की नींव है-उच्च न्यायालय

# आंजनबिहरी सरपंच को दिया स्थगन आदेश

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत आंजनबिहरी के सरपंच दीपक पुष्पतोडे. को माननीय उच्च न्यायालय ने बुधवार को स्थगन आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद आंजनबिहरी में खुशी का माहौल है। ग्रामीण दीपक के घर पहुंचकर उन्हें बधाई दे रहे है। करीब 04 माह पूर्व बालाघाट कलेक्टर ने मध्य प्रदेश पंचायत राज और ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा 40(1)(ए) के तहत अपने कर्तव्यों के निर्वहन में कदाचार का दोषी मानते हुए सरपंच दीपक पुष्पतोड़े का पद से पृथक करते हुए 06 वर्ष की अवधि तक किसी भी चुनाव के लिए अयोग्य माना गया था। दीपक पुष्पतोड़े ने कलेक्टर के इस फैसले के खिलाफ जबलपुर मंडल आयुक्त के समक्ष वैधानिक अपील दायर की थी। वहीं माननीय उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। जिस पर फैसला सुनाते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने बेहद ही गंभीर टिप्पणी की है। जो एक नजीर के तौर पर देखा जा सकती है।

माननीय उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता यानी दीपक पुष्पतोड़े एक लोकतांत्रिक पद पर आसीन हैं, क्योंकि उन्हें ग्राम निवासियों द्वारा सरपंच के पद पर निर्वाचित किया गया है। भारत के संविधान के तहत, लोकतांत्रिक पद धारण करना और उससे हटाना हल्के में नहीं लिया जा सकता। किसी नागरिक द्वारा लोकतांत्रिक पद धारण करना न केवल लोकतंत्र की नींव है, बल्कि एक संवैधानिक अधिकार भी है। यदि मात्र तुच्छ कारणों से किसी व्यक्ति को ऐसे निर्वाचित पद से हटा दिया जाता है, तो इससे न केवल निर्वाचित व्यक्ति को, बल्कि देश में लोकतंत्र की नींव को भी अपूरणीय क्षति होगी। कलेक्टर ने विवादित आदेश पारित करते समय मामले की गंभीरता को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। दरअसल, दीपक पुष्पतोड़े पर आरोप यह था कि ग्राम पंचायत द्वारा गांव में सार्वजनिक निधि से कुछ दुकानें बनाई गई थीं और उन दुकानों को नियमों के अनुसार नीलामी या आवंटन प्रक्रिया का पालन किए बिना कुछ व्यक्तियों को उक्त दुकानों पर कब्जा करने की अनुमति दी थी।



## 5 माह बाद मिला परिजनों को मिला गुम इंसान

**कटंगी।** बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के ग्राम महकेपार की शिव मंदिर समिति ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए करीब 05 माह से गुम मानसिक रुप से विक्षिप्त एक 26 वर्षीय युवक को उसके परिजनों से मिलवाया है। इस कार्य में महकेपार पुलिस चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों और स्थानीय पत्रकार गौरव अग्रवाल का भी सराहनीय योगदान रहा है। मिली जानकारी अनुसार गोंदिया जिले के आमगांव तहसील के ग्राम जावरी का राकेश मेन्द्रे करीब 05 माह पूर्व घर पर बिना कुछ बताएं लापता हो गया था। परिजनों ने हर जगह उसकी तलाश की लेकिन जब कहीं कोई पता नहीं चला तो 05 नवंबर 2025 को पुलिस थाना पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस और परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे लेकिन उन्हें राकेश का कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा था। इसी बीच 08 अप्रैल की शाम महकेपार की शिव मंदिर समिति ने एक अज्ञात व्यक्ति को घूमते देखा और उससे बातचीत की।

# विधानसभा क्षेत्र बैहर के विधायक संजय उड़के द्वारा प्रतिभाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**08 अप्रेल को शासकीय मॉडल स्कूल, बिरसा में एक गरिमामय एवं प्रेरणादायक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विधानसभा क्षेत्र बैहर के माननीय विधायक महोदय श्री संजय उड़के के मुख्य आतिथ्य में सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर सभी चयनित विद्यार्थियों को रू2500/- की प्रोत्साहन राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई।**

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश एवं माता सरस्वती के पूजन-अर्चन से किया गया, तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक सरस्वती वंदना का मधुर वाचन प्रस्तुत किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण ज्ञानमय एवं प्रेरणादायक बन गया। इस गरिमामयी अवसर पर माननीय विधायक महोदय श्री संजय उड़के के साथ जनपद पंचायत बिरसा की अध्यक्ष श्रीमती सविता धुर्वे एवं उपाध्यक्ष श्री हेमंत साहूजी की विशिष्ट उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 10वीं के 41 एवं कक्षा 12वीं के 17 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विधायक महोदय ने यह भी उल्लेख किया कि शासकीय मॉडल स्कूल, बिरसा का नामांकन मध्यप्रदेश में तृतीय स्थान पर है, जो संस्था के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण एवं शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सम्पूर्ण विद्यालय परिवार की भूरी-भूरी प्रशंसा की। अपने उद्बोधन में माननीय विधायक महोदय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी अपनी मेहनत एवं लगन से उच्चतम उपलब्धियाँ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए JEE, NEET एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से विशेष कक्षाओं के संचालन की घोषणा की, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। जनपद उपाध्यक्ष महोदय श्री हेमंत साहू द्वारा जानकारी दी गयी कि विधायक महोदय की आगामी विशिष्ट योजना के अंतर्गत क्षेत्र के लगभग 120 विद्यार्थियों के लिए उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष कक्षाओं के आयोजन की योजना प्रस्तावित है, जिसमें मॉडल स्कूल बिरसा के विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर सम्मिलित किए जाने हेतु प्रेरित किया गया।



जनपद अध्यक्ष महोदया श्रीमती सविता धुर्वे ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

यह सम्मान समारोह विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक सिद्ध हुआ, जिसने उनमें भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आत्मविश्वास जागृत किया।

संस्था प्राचार्य महोदय श्री सौरभ कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए विधायक महोदय, जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष महोदय का आभार व्यक्त किया ।

उक्त कार्यक्रम संस्था के शिक्षक साथी श्री जयप्रकाश यादव, श्री राजेश कुमार धुर्वे, श्रीमती पूजा कुशरे, श्री राजेश राहंगडाले, श्री पुष्पेन्द्र कुमार पालके, श्री कमल सिंह मेरावी, श्री उम्मेद केलकर, श्रीमती डिलेश्वरी भगत, श्रीमती स्वाति ब्रम्हनोटे, श्री सुरेश बघेल, श्री आशीष तिल्लासी, श्री संतोष बिसेन, एवं श्री फगनूसिंह सैय्याम उपस्थित्ति दर्ज करायी एवं अतिथियों को धन्यवाद प्रेषित किया।

# नर्सरी स्कूल संचालन में अनियमितताओं की शिकायत, जांच की मांग

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले के लामता क्षेत्र के ग्राम नेवरगांव (चरेगांव) में संचालित आई.पी.एस. नर्सरी एजुकेशन स्कूल को लेकर गंभीर अनियमितताओं की शिकायत सामने आई है। जनपद सदस्य महेन्द्र पटेल द्वारा संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजकर स्कूल संचालन की जांच कराने की मांग की गई है।शिकायत पत्र में बताया गया है कि ग्राम नेवरगांव में संचालित आई.पी.एस. नर्सरी एजुकेशन स्कूल (रूद्र प्रताप सिंह शिक्षा समिति) के संचालन में कई नियमों की अनदेखी की जा रही है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा जिस स्थान पर स्कूल संचालन की अनुमति ली गई थी, उसके बजाय किसी अन्य स्थान पर विद्यालय का संचालन किया जा रहा है।इसके अलावा स्कूल आने-जाने वाले छोटे बच्चों को लाने-ले जाने के लिए जिस वाहन का उपयोग किया जा रहा है, उसमें परिवहन संबंधी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। वाहन बिना उचित अनुमति के संचालित होने की भी बात शिकायत में कही गई है, जिससे बच्चों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है।शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि स्कूल का संचालन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए आवास में किया जा रहा है, जो नियमों के विरुद्ध है। वहीं जिस स्थान पर स्कूल चलाया जा रहा है उसके पास पानी से भरा तालाब भी मौजूद है, जिससे कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।इतना ही नहीं, स्कूल के पास मोबाइल टॉवर लगा होने से निकलने वाली किरणों से बच्चों को नुकसान होने की संभावना भी जताई गई है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि स्कूल में पढ़ाने वाले बच्चों को देखरेख के लिए जो स्टाफ नियुक्त किया गया है, वह पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं है।इन सभी बिंदुओं को गंभीर बताते हुए जनपद सदस्य ने स्कूल प्रबंधन द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं की जांच कराने और नियम विरुद्ध संचालित हो रहे स्कूल के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि बच्चों की सुरक्षा और भविष्य सुरक्षित रह सके।शिकायत की प्रतिलिपि मध्यप्रदेश शासन के प्रभारी मंत्री, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, कलेक्टर बालाघाट, पुलिस अधीक्षक तथा जिला शिक्षा अधिकारी को भी भेजी गई है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

